Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to include Sheohar district in Bihar in Aspirational Districts Programme

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र का शिवहर जिला स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा एवं आर्थिक दृष्टिकोण से एक पिछड़ा जिला है । शिवहर बिहार का ऐसा जिला है जहां 60 प्रतिशत से अधिक आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करती है तथा प्रति व्यक्ति आय भी सबसे कम है । इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए मैं अनवरत रुप से विगत 13 वर्षों से प्रयासरत हूं । यहां बाढ़ एवं सुखाड़ के कारण कृषि क्षेत्र में विकास नहीं है, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के लिए संस्थान नहीं है तथा चिकित्सा क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण कोई अस्पताल नहीं है । माननीय प्रधान मंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश के पिछड़े जिलों को भी विकसित करने की सोच के तहत बिहार के 13 जिलों सहित देश के कुल 115 पिछड़े जिलों का 'आकांक्षी जिला' के रूप में चयन किया गया है, जिसका उद्देश्य इन पिछड़े जिलों का भी देश के अन्य जिलों के समकक्ष विकास करना है । परंतु, दुख के साथ कहना चाहती हूं कि शिवहर जिला को आकांक्षी जिला की श्रेणी में शामिल शामिल नहीं किया गया है, जबकि इसके लिए सरकार द्वारा निर्धारित मापदंड को शिवहर जिला पूरा करता है । शिवहर सहित देश के कई ऐसे जिले हैं जो वास्तव में स्वास्थ, कृषि, शिक्षा, सड़क, आर्थिक एवं आधारभूत संरचना जैसी बुनियादी सुविधाओं के आधार पर पिछड़े हैं । उनको आकांक्षी जिला की श्रेणी में शामिल नहीं किया गया है अतः सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध होगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवहर जिला को आकांक्षी जिला की श्रेणी में शामिल किया जाए, जिससे कि यहां पर बुनियादी आर्थिक विकास का ढांचा तैयार हो सके तथा यहां के लोगों की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हो सके ।

माननीय सभापति : श्री नायब सिंह जी – उपस्थित नहीं ।

श्री मोहनभाई कुंडारिया जी – उपस्थित नहीं ।

श्री गोपाल जी ठाकुर ।